मॉड्यूल 1 साक्षात्कार - सोनिया शाह

नमस्ते। मॉड्यूल एक के वीडियो सेगमेंट 'हामारी में पत्राकारिताः वर्तमान और भविष्य में कोविड-19 को कवर करना' में आपका स्वागत है। मैं यहां विज्ञान पत्रकार, टेड अध्यक्ष और लेखिका सोनिया शाह के साथ हूं।

उनकी पुस्तकों में द फीवर पांडेमिक और उनकी नवीनतम पुस्तक द नेक्स्ट ग्रेट माइग्रेशन है, जिसका प्रकाशन जून में हुआ है। सोनिया, हमारे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद। मुझे बुलाने के लिए शुक्रिया। आप उन बहुत कम पत्रकारों में से एक हैं जिन्होंने महामारी की संभावना का खुलासा करते हुए एक विस्तृत पुस्तक प्रकाशित की है। और मैं यह जानने को उत्सुक हूं कि कैसा महसूस होता है, जब कोई उस चेतावनी को दें जो अब आपके आसपास साकार होने वाली हो।

मुझे लगता है कि यह सच नहीं होनी चाहिए थी, यह बहुत भयानक और हैरान करने वाली है, लेकिन फिर भी ऐसा हुआ है। मुझे लगता है इसका हर किसी को अनुभव हुआ है। यह एक कटु अनुभव है, लेकिन साथ ही, चीजें होती हैं जो मेरे लिए इतिहास को दोहराने जैसा लगती हैं। चूंकि मैं लगातार दूसरे प्रकोपों को याद करती रहती हूं, इसलिए मुझे बहुत हैरानी नहीं होती, लेकिन यह अब भी बहुत ही कड़वी सच्चाई और भयानक है।

यदि आप पिछले चार महीनों की घटनाओं पर नज़र डालें, तो हम चीन से बाहर हैं। हमने केवल चार महीने गुज़ारे हैं। आपको क्या लगता है कि यह आपकी पिछली रिपोर्टिंग की पुष्टि करता है? और क्या कुछ ऐसा हुआ है जिसने आपको हैरान किया है?

मेरा मतलब है, कई चीजें एक जैसी हैं। जिस तरह से बीमारी फैली है, निश्चित रूप से यह बहुत सहज है। इसका जोखिम व्यापार और यात्रा के तौर-तरीकों से फैल रहा है जिन्हें हमने लंबे समय तक कम करके आंका है। इसके फैलाव को रोकने के लिए लोग और नीति-निर्माता सीमाओं को बंद कर रहे हैं। और यह वास्तव में इस बात का प्रतीक है कि महामारी कैसे फैली है।

हम दोष लगा रहे हैं, एक-दूसरे पर उंगली उठा रहे हैं, चाहे वे चीनी हों या उसके बुरे वैज्ञानिक या यह कोई साजिश है या इसके लिए प्रवासी या आने-जाने वाले लोग जिम्मेदार हैं।

यह सब बहुत आम बात है। बायोमेडिकल इलाज की खोज हो रही है, जो हमें इस सब से बचाएगी। वह भी बहुत आम बात है। लेकिन जिस तरह से यह महामारी सामने आ रही है, उससे मुझे वास्तव में हैरानी हुई है कि संयुक्त राज्य में यह भारी राजनीतिक विफलता है। मुझे वास्तव में ऐसी उम्मीद नहीं थी। मुझे लगता है कि हम सभी अमेरिका की प्रतिक्रिया को लेकर उलझन में हैं और हम जिस राजनीतिक दौर में हैं, उसमें दुनिया भर के सभी दक्षिणपंथी लोकप्रिय नेता हैं और महामारी से निपटने का मामला काफी पेचिदा है। यह वास्तव में बहुत हैरान करने वाला और अप्रत्याशित रहा है।

जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे महसूस होता है कि मैं खुद अपने करियर के अहम हिस्से में महामारी की संभावना के बारे में लिख रही हूं। अलग-अलग प्रकार के सभी मॉ डल और संभावनाओं के बारे में जिन्हें मैंने अपने लिए तय किया है, यह तथ्य कि अमेरिकी सरकार इसमें शामिल नहीं होगी, और निश्चित रूप से सीडीसी भी अनुपस्थित रहेगी या उसकी कोई भूमिका नहीं होगी, मैंने इनके न होने की कभी कल्पना तक नहीं की थी।

यह बहुत हैरान करने वाला, आश्चर्यजनक और विस्मयकारी है कि कितनी जल्दी सरकारी ढांचे पूरी तरह से ढह गए और पूरी तरह से प्रचार और नीति को राजनीतिक हथियार बनाते हुए बदल गए। यह सब बहुत जल्दी हुआ।

मुझे याद है कि अपनी पुस्तक महामारी में आपने लिखा था कि राजनीतिक नेता क्वारंटीन के बारे में कैसे विकल्प चुनते हैं जिसे वे अनुमानित लागत और अप्रत्याशित लाभ के बीच तय करते हैं, यह बेहतरीन वाक्यांश है।

तो मैं उस लेंस के बारे में सोच रहा हूं, आप लॉकडाउन, सामाजिक दूरी के बारे में दुनिया भर में इसका जवाब देने के लिए इन अलग-अलग विकल्पों को कैसे देखते हैं? आवागमन किस हद तक स्वतंत्र होना चाहिए? हम केवल अमेरिकी प्रतिक्रिया के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन चीन से इटली से स्वीडन से

दक्षिण अमेरिका तक, विभिन्न तरीके अपनाने का एक लंबा-चौड़ा इतिहास है जिन पर सरकारों ने अमल किया है।

मेरा मतलब है, मुझे लगता है कि जो कुछ हुआ है, मेरे पास बताने को कुछ भी नहीं है, मुझे अभी तक इसकी पूरी समझ नहीं है। मुझे लगता है कि हम अभी भी उस पल में हैं, जहां हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि बड़ी संख्या में नीतिगत प्रतिक्रियाओं का क्या असर हुआ है।

लेकिन मुझे लगता है कि इस महामारी से निपटने का एक वैकल्पिक तरीका देने के लिए अमेरिकी मॉडल की बजाय चीनी मॉडल अधिक कारगर साबित हुआ है। और इसलिए हमने देखा कि बहुत सारे देश अपनी जनसांख्यिकीय स्थिति पर विचार किए बिना चीनी मॉडलों पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं, जैसे हम लॉकडाउन करें या नहीं? हमारी जनसंख्या की आयु की संरचना क्या है? हमारे पास वास्तव में कितने आईसीयू बेड हैं? हमारे पास कितने वेंटिलेटर हैं? एक अलग तरह की प्रतिक्रिया देते हुए, मुझे लगता है कि हम जो देख रहे हैं वह बहुत अधिक राजनीतिक प्रतिक्रिया है। तो देश अलग-अलग निर्णय ले रहे हैं, लेकिन कुछ न करने की राजनीतिक कीमत वास्तव में बहुत अधिक है जैसा कि हम सभी ने देखा कि इटली में क्या हुआ, और हम सभी ने देखा कि एक्स, वाई, जेड देशों में क्या हुआ जो हमारी आबादी के लिए बेहद बुरा है। और इसलिए हमें कुछ करने की जरूरत है।

और मुझे लगता है कि केवल प्रतिक्रिया ही हुई है, जो एक तरह की प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रिया है, क्योंकि लॉकडाउन की बड़ी भारी कीमत चुकानी पड़ती है, लेकिन इसे भी बांटा जा सकता है। इसलिए, यह गरीब लोगों, हाशिए पर रहने वाले लोगों, छोटे व्यवसायों पर भारी पड़ रही है। बहुत सारे बड़े व्यवसायों पर इसका असर नहीं पड़ा है। उनमें से कुछ तो वास्तव में बढ़ भी रहे हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वे सभी एक भूमिका निभा रहे हैं। यह उतना आसान नहीं है, जितना भविष्य के जन स्वास्थ्य लाभ के लिए आर्थिक लागत बढ़ रही है। यह सब राजनीति भी चल रही है।

तो आइए, अब कुछ पल के लिए राजनीति से विज्ञान की ओर रुख करें। अपनी पुस्तक, महामारी में, आपने निगरानी प्रणालियों में सुधार की कठिनाई के बारे में भी बात की है। सोच यह है कि हम जानवरों की दुनिया से उभरते महामारी रोगजनकों का पता लगाने की कोशिश करते हैं, जैसा कि इस मामले में हुआ था। जैसा कि मर्स, सार्स और इबोला के मूल रोगजनक में हुआ था। तो क्या आप इस

बारे में कुछ बताना चाहेंगी कि इस वायरस का पता लगाने की क्या संभावना हो सकती है क्योंकि यह मनुष्यों में फैला हुआ है और अगली बार इसके फैलने का पता लगाने के लिए क्या किया जाना चाहिए, क्योंकि हम जानते हैं कि यह आ रहा है? हम बस यह नहीं जानते कि कब।

मेरा मतलब है, हम जानते हैं कि वैज्ञानिक, उदाहरण के लिए चीन के कुछ हिस्सों में इको हेल्थ एलायंस के साथ थे, वे वहां स्थानीय आबादी में कोरोनावायरस एंटीबॉडी का अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने पाया कि लगभग 3 प्रतिशत या चीन में कुछ स्थानों पर अलग-अलग कोरोना वायरस के एंटीबॉडी हैं जिनका वे पता लगा रहे थे। क्या उन्होंने उसे ढूंढ लिया है, क्या वे अभी भी उस काम कर रहे हैं, क्या इसे अभी भी वित्त पोषित किया जा रहा है? मेरा मतलब है, यह कहना असंभव है। लेकिन ये चीजें दुर्घटनावश ही हो सकती हैं। लेकिन निश्चित रूप से ये इन बड़ी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक ताकतों से संचालित होते हैं। ये समय के साथ-साथ बढ़ रहे हैं। इसलिए, आप निश्चित रूप से यह नहीं कह सकते हैं कि हम इसे प्राप्त कर लेंगे। शायद यह हमारे पास हो या शायद हमारे पास न हो। लेकिन तथ्य यह है कि हमारा वहां एक कार्यक्रम था जिसमें इन फैलने वाले रोगजनकों की तलाश की जा रही थी और विशेष रूप से चमगादड़ से लोगों तक, यह काम चल रहा था। और तभी फंडिंग वापस ले ली गई और शोध रूक गया। हम केवल यह अनुमान लगा सकते हैं कि यदि उस काम को जारी रखा गया होता तो क्या हो सकता था और क्या हमें वास्तव में उस शोध कार्य क्षमता को सुदृढ़ करना चाहिए था।

सही है। इसलिए जब हमने अपनी बात टेप करनी शुरू की तो कितने लोग आज इस पाठ्यक्रम से जुड़ रहे हैं। इनकी संख्या लगभग 5000 है।

और वास्तव में वे दुनिया भर से जुड़ रहे हैं, यह देखते हुए कि यह बहुत व्यापक परिदृश्य है।

क्या आप उन पत्रकारों को कुछ कहना चाहेंगी, जो इस महामारी के हालात पर सबसे अधिक प्रकाश डालने के अपने दृष्टिकोण के मद्देनज़र इस पाठ्यक्रम में भाग ले रहे हैं?

मेरा मतलब है, मुझे लगता है कि आम तौर पर हमें उन कहानियों की तलाश करने की जरूरत है, जो दबी हुई हैं। ऐसे लोग जो इसका खामियाजा भुगत रहे हैं, लेकिन सुर्खियों में नहीं हैं। इसलिए हमें

नजरबंद लोगों, शरणार्थियों, शरण चाहने वालों, बेघर लोगों, हाशिए पर रहने वाले लोगों का पता लगाने की जरूरत है, जिन तक पहुंचना वास्तव में कठिन है। और यह अब और भी कठिन है। लेकिन मुझे लगता है कि दूसरी मुख्य बात यह है कि हमें अपनी विशेषज्ञता को व्यापक बनाने की जरूरत है जो हम बहुत सारी कहानियों के आधार पर बना रहे हैं? मुझे लगता है कि बहुत सारे वायरस को जानना आसान है। तो यह जानने के लिए किसी वायरस विज्ञानी को खोजें कि क्या यह एक महामारी है। महामारी विज्ञानियों के पास जाएं। यह एक आर्थिक संकट है, इसलिए अर्थशास्त्री के पास जाओ। लेकिन हम मेडिकल मानव विज्ञानी और वैश्विक स्वास्थ्य वकीलों और बायोएथिसिस्ट की राय भी ले सकते हैं। इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाले अन्य बहुत से लोग भी हो सकते हैं। वास्तव में यह एक तरह का महत्वपूर्ण योगदान है कि आप रणनीतिक रूप से कैसे सोचते हैं कि क्या चल रहा है। इसलिए मुझे लगता है कि हमें इसका विस्तार करने की आवश्यकता है, क्योंकि अभी हम ऐसे दौर में हैं जहां बहुत सारे पत्रकार अचानक महामारी पर रिपोर्ट कर रहे हैं जबकि उन्होंने ऐसा पहले नहीं किया था। इसलिए मुझे लगता है कि हमें यह पता लगाना होगा कि हमें स्रोतों का कितना विस्तार करना होगा ताकि क्या चल रहा है उस पर हम प्रकाश डाल सकें।

मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी सलाह है, क्योंकि हम नहीं चाहते हैं कि हम उन्हीं लोगों की बात करें जिनकी हर कोई कर रहा है। ठीक है। मेरी पहली और पसंदीदा कहानियों में से एक जो मैंने पिछले महीने कवर की हैं, वह कुछ चिकित्सा इतिहासकारों के बारे में हैं जो पिछली कुछ महामारियों से सीखे गए सबक के बारे में बताती हैं। यह विशेष रूप से टीकाकरण अभियानों के बारे में है और इनकी सूचना कैसे मिलेगी और यदि हमें यहां वैक्सीन मिल जाती है तो हम क्या करेंगे। इसलिए अब एक लेखक का दूसरे लेखक से आखिरी सवाल, मैं आपकी अगली पुस्तक के बारे में थोड़ा जानना चाहूंगी, और खासकर यदि आप अपनी अगली किताब को अभी जो चल रहा है उससे जोड़ सकती हैं।

हाँ, मैंने द फीवर लिखी है, जो 2010 में आए मलेरिया के बारे में है, और फिर मैंने महामारी के बारे में लिखा, जो 2016 में आए संक्रामक रोगों के बारे में है। और एक बात जो इस काम के दौरान सामने आई, वह यह है कि मानव इतिहास में कितने रोगजनक आए हैं। हमने समय-समय पर रोगजनकों को इतने अलग-अलग तरीकों से समायोजित किया है, चाहे वह आनुवांशिक बदलाव के कारण हों, जो हम अपने साथ ले जाते हैं जो हमें बनाते हैं, आज आधुनिक बीमारियों का खतरा है या हमारा निपटान पैटर्न बदल रहा है या यह सूची निरंतर बढ़ रही है कि रोगजनक हमारे समाज और हमारे व्यवहारों के अनुसार वास्तव में कैसे आकार लेते हैं।

लेकिन एक बात जो वास्तव में चैंकाने वाली है, वह यह है कि मानव व्यवहार का वह हिस्सा जिसका रोगजनक सबसे अधिक इस्तेमाल करते हैं, वह है हमारी गतिशीलता। और फिर भी समय के साथ, जो हमने देखा है वह यह है कि हमने अपनी गतिशीलता को नहीं बदला है। यदि कुछ बदला भी है, तो हम अधिक तथा और तेजी से आगे बढ़े हैं। और इसलिए मैं यह देखना चाहती थी कि ऐसा क्यों होता है, ऐसा क्यों हुआ? जैसे, इतिहास में, प्रकृति में मानवीय गतिशीलता की क्या भूमिका है? हम इससे पीड़ित रहे हैं, हमने इसकी बड़ी कीमत चुकाई है, न केवल आधुनिक काल में, न केवल इस महामारी में या आखिरी महामारी में, बल्कि हमारा पूरा इतिहास इससे भरा हुआ है। और इसलिए जो मैं देखना चाहती थी, वह यह है कि जलवायु परिवर्तन कैसे प्रवास के पैटर्न को बदल रहा है, न केवल लोगों के लिए, बल्कि जंगली प्रजातियों के लिए भी। और हमारे जैविक क्षेत्र में आवागमन क्या भूमिका अदा करता है।

मैं वास्तव में इसे पढ़ने के लिए उत्सुक हूं। तो यह किताब इस बारे में है।

नेक्सट ग्रेट माइग्रेशन जून में प्रकाशित हुई है। हमने जिस महामारी के बारे में बात की, उसके अलावा सोनिया द फीवर की लेखिका भी हैं। इस पाठ्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। हम वास्तव में इसकी बहुत सराहना करते हैं।

धन्यवाद।